आधुनिक भारत का इतिहास

(खंड-2)

-मणिकांत सिंह

1. निम्नलिखित में से किस/किन कारक/कारकों ने 19वीं सदी के भारत में ग्रामीण ऋणग्रस्तता को प्रोत्साहन दिया?

1. ब्रिटिश के द्वारा भू-राजस्व की अधिकतम दर
2. ग्रामीण उद्योगों का पतन
3. व्यावसायिक फसलों की खेती

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 3

(c) 2, 3 (d) 1, 2, 3

2. निम्नलिखित में से किन कारकों ने ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत अकाल जैसी घटना को उत्प्रेरणा दी?

1. अधिकतम भूराजस्व की दर का निर्धारण
2. रेलवे का प्रसार
3. व्यावसायिक खेती
4. कारीगरी उद्योग का पतन

कूटः

(a) 1, 4 (b) 1, 2, 3

(c) 2, 3 (d) 1, 2, 3, 4

3. निम्नलिखित में कौन से कार्य लॉर्ड डलहौजी के काल से जुड़े हुए हैं?

1. रेलवे निर्माण कार्य का आरंभ
2. डाक एवं टेलीग्राफ का आरंभ
3. सार्वजनिक निर्माण विभाग की स्थापना
4. टॉमशनियन शिक्षा पद्धति लागू करना

कूट:

(a) 1, 2 (b) 1, 2, 3

(c) 1, 2, 3, 4 (d) 1, 2, 4

4. निम्नलिखित में कौन-से कारक ग्रामीण उद्योगों के पतन का सीधा परिणाम थे?

1. ग्रामीण गरीबी
2. ग्रामीण ऋणग्रस्तता
3. व्यावसायिक खेती का विकास
4. अकाल

कूट:

(a) 1, 2, 4
(b) 1, 2, 3
(c) 1, 3
(d) 1, 2, 3, 4

5. 19वीं सदी में ब्रिटिश औद्योगिक पूँजीवाद ने भारत में किस प्रकार के परिवर्तन लाए?

1. भारतीय राज्यों का अधिग्रहण
2. प्रशासनिक संरचना में व्यापक सुधार
3. व्यावसायिक फसलों की खेती को प्रोत्साहन

कूट:

(a) केवल 3 (b) 1, 3

(c) 1, 2, 3 (d) 1, 2